हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

06 तैनात रही पुलिस, शांतिपूर्ण बना माहौल...



07 विशाल इनामी भजन प्रतियोगिता का समापन हुआ...





## खबर संक्षेप

### बच्चों को दी जाएगी 'दो बूंद जिंदगी की'

**नर्मदापुरम।** सोनिया मीना कलेक्टर के दिशानिर्देश में सीईओ जिला पंचायत नर्मदापुरम हिमांशु जैन की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत कुल बच्चो का लक्ष्य 151363 है, पोलियो टीमें 1540 बूथो जिसमें 472 बी टाइप, 992 सी टाइप, 22 मोबाइल टीम, 54 ट्रांजिट पॉइंट पर आशा, एएनएम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को पोलियो खुराक दी जाएगी।

### अमानक खाद बेचने पर मामला दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में किसानों के साथ धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। यहां कृषि विभाग ने अमानक (सब-स्टैंडर्ड) जिंक सल्फेट उर्वरक बेचने पर सोहागपुर के मेसर्स श्रीवृंदा ट्रेडर्स के मालिक रामसहाय पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जांच में पता चला कि जिस खाद में 33% जिंक होना चाहिए, उसमें सिर्फ 1.14% जिंक था। यह केस गुरुवार शाम को सोहागपुर थाने में दर्ज किया गया।

## डैम किनारे व मढ़ई-चूरना सफारी ट्रैक फिलहाल दलदली, बंद रहेगी सफारी

# पर्यटकों के लिए आज से खुल जाएंगे एसटीआर की मढ़ई टूरिस्ट जोन के द्वार

**मानसून सत्र के लंबे अवकाश के बाद आज से पर्यटन शुरु होगा। हालाकि मात्र सूखे सफारी ट्रेक्स पर ही जंगल सफारी की सुविधा पर्यटकों को मिलेगी।**


हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में मानसून सत्र के लंबे अवकाश के बाद आज से पर्यटन शुरु होगा। इस वर्ष वर्षाकाल लंबा होने के चलते कोर एरिया में मात्र सूखे सफारी ट्रेक्स पर ही जंगल सफारी की सुविधा पर्यटकों को मिलेगी। बाकी दलदली रास्ते अभी बंद रहेंगे।

शुक्रवार शाम मामले में हरिभूमि प्रतिनिधि ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कामती रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में मानसून उपरांत एक अक्टूबर से पर्यटन पुनः प्रारंभ होता है। लेकिन इस वर्ष वर्षा का दौर लंबा चला व सफारी ट्रेक्स गीले थे। जिसके कारण इस बार 11 अक्टूबर से रिजर्व के कोर एरिया में पर्यटन प्रारंभ हो रहा है।



### सुबह प्रारंभ होगा मॉर्निंग सफारी का टर्न



उपाध्याय ने बताया कि शनिवार सुबह 5:30 के बाद मॉर्निंग सफारी का टर्न प्रारंभ होगा। इसके पहले एंट्री पॉइंट ग्राम सारंगपुर पहुंचने वाले पर्यटकों का रिजर्व प्रबंधन की ओर से स्वागत किया जाएगा तथा जंगल सफारी कराई जाएगी।

### फिलहाल दलदली क्षेत्र बंद

रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि कोर के सूखे सफारी ट्रेक पर टूरिस्ट जिप्सी सफारी करेंगे। लेकिन तवा डैम बैकवॉटर किनारे के ट्रेक्स अभी दलदली हैं। अतः वहां जिप्सी नहीं पहुंचेगी। उपाध्याय के अनुसार मढ़ई-चूरना राउंड कुछ दिन प्रभावित रहेगा, क्योंकि ट्रेक के कुछ पाइंट निचले होने के कारण दलदली हैं। आज सुबह 5:30 बजे पर्यटक, रिजर्व अधिकारी व कर्मचारी मढ़ई इंट्री पाईंट ग्राम सारंगपुर पहुंचेंगे। जहां पूजनोपरांत पर्यटकों का स्वागत किया जाएगा एवं बोट से पर्यटक मढ़ई रेस्ट हाउस पहुंचकर जंगल सफारी के लिए रवाना होंगे।

### 16 जिप्सी की ऑनलाइन बुकिंग

रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि कोर एरिया में जंगल सफारी के लिए 20 जिप्सी उपलब्ध हैं। तथा टूरिज़्म शुरू होने के पहले दिन अर्थात 11 अक्टूबर के लिए 16 जिप्सियों की ऑनलाइन बुकिंग हो चुकी है। तथा दो जिप्सी पर स्पॉट बुकिंग व्यवस्था पर्यटकों के लिए है। ये भी बुक हो चुकी हैं। 20 में से शेष बची दो जिप्सियां एफडी कोटे की हैं, जो एफडी की अनुशंसा पर दी जाती हैं, या फिर गश्ती के लिए उपयोग में ली जाती हैं। विदित हो कि मढ़ई क्षेत्र देशभर में जंगल सफाई के लिए मशहूर है। यहां विदेशों के पर्यटक भी आते हैं।

## प्रेमी के शादी से इनकार करने पर युवती ने लगाई थी फांसी

### पुलिस ने आरोपी प्रेमी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में 20 साल की युवती ने प्यार में मिले धोखे से प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर ली। घटना 26 जुलाई की है। घटना के ढाई महीने बाद कोतवाली थाना पुलिस ने मृतका के प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया। शुक्रवार को आरोपी सौरभ जाटव को अरेस्ट किया गया। आरोपी सौरभ जाटव ने मृतका का प्रेमी है।

एक साल से आरोपी उससे मोबाइल पर बातचीत करता था। मृतका को उसने शादी का कहा था। कुछ महीने से पहले शादी करने से मुखर गया। जिससे तनाव में आकर मृतका ने 26 जुलाई शाम 4 बजे पर्यटन घाट स्थित अपने मकान में फांसी लगा ली थी। परिजनों द्वारा सौरभ जाटव पर प्रताड़ना और शादी करने से इंकार करने की बात कही थी। जिससे युवती तनाव में रह रही थी।

एसआई हेमंत निशोद ने बताया मृतका और आरोपी प्रेमी प्रेमिका थे। युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया था। जिससे तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली। मोबाइल की जांच की गई। परिजनों के बयान लिए गए। जिसके आधार आरोपी सौरभ जाटव के खिलाफ गुरुवार रात 11.30बजे केस दर्ज किया। शुक्रवार को आरोपी सौरभ को कोर्ट पेश किया गया।

## विधायक, नपाध्यक्ष द्वारा कराया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

### समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका परिषद द्वारा नगर में विकास लगातार किए जा रहे हैं। विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 7 में संतन जो झोपड़ों से लेकर डाक्टर पाठक के मकान तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक डॉ सीताशरण शर्मा और नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पं. पीयूष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, वार्ड पार्षद और नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, प्रांशू राणे, सुनील राठौर, अर्पित मालवीय सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

कार्य प्रभारी रीना गुप्ता ने बताया कि सड़क की लंबाई करीब 300 मीटर और चौड़ाई 4.50 मीटर है। इसकी लगात करीब 25 लाख रुपए है। शुक्रवार को अतिथिगणों द्वारा मशीनों की पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया। सड़क निर्माण एजेंसी मोहिनी कंस्ट्रेक्शन के मोहन गुप्ता को नपाध्यक्ष यादव द्वारा समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ परामर्श सत्र का आयोजन, विद्यार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जन मंगल संस्थान की ओर से उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई ने शासकीय सांदीपनि उ.मा. विद्यालय, सिवनी मालवा में सत्र का आयोजन किया। विद्यालय के उमंग प्रभारी शिक्षक बृजमोहन साहू की उपस्थिति में कक्षा ग्यारहवीं के लगभग 58 किशोर बालक बालिकाओं से चर्चा की। मानसिक स्वास्थ्य क्या है, कैसे इसमें असंतुलन आता है और इस अवस्था में हमें क्या करना चाहिए ?



इन सब बातों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही किशोरावस्था, पौषण आहार, उमंग स्वास्थ्य केंद्र के बारे में बताकर, खुल के पूछो खुल के जानो चैटबोट, मनहित एप्लीकेशन तथा टेलीमानस हेल्पलाइन के प्रयोग संबंधी जानकारी प्रदान की। आत्महत्या रोकथाम हेतु विद्यार्थियों को समाज में मित्रम की भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।

## भावांतर योजना: पिछले एक सप्ताह में 2500 से अधिक किसानों ने योजना में कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में भावांतर भुगतान योजना के तहत जिले में किसानों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। अब तक 2500 किसानों ने अपने 5366.39 हेक्टेयर रकबे का शासन की कृषक हितैषी योजना के तहत पंजीयन करवाते हुए उपज के एवज में समर्थन मूल्य के बराबर राशि प्राप्त होना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भावांतर योजना के तहत किसानों को मंडी मॉडल रेट के अनुसार विक्रय की गई सोयाबीन की फसल के विक्रय मूल्य एवं समर्थन मूल्य के अंतर की राशि मध्य प्रदेश शासन द्वारा सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाएगी।

गत वर्ष सोयाबीन फसल के लिए 4892 रुपए समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया था जो की खरीफ 2025 के तहत सोयाबीन की फसल के लिए 5328 रुपए निर्धारित किया गया है। गत वर्ष कुल कुल 15789 किसानों द्वारा मंडी स्तर पर अपनी सोयाबीन उपज का विक्रय किया गया था। वर्तमान में किसानों द्वारा पंजीयन करवा कर भावांतर योजना के ऊपर अपना विश्वास जताया है। गत 6 दिवसों से पंजीयन का यह आंकड़ा निरंतर बढ़ रहा है। उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 43 हजार 189 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों द्वारा सोयाबीन की फसल लगाई गई है।

जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी किसान भाइयों को भावांतर योजना के तहत लाभ मिले। तत्संबंध में प्रत्येक खंड स्तर पर किसान संगठनों एवं मंडी व्यापारियों के साथ बैठकें आयोजित की गई है।

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में बोले ब्रिगेडियर आशीष रनखिया, कैडेट्स कठोर प्रशिक्षण से योग्य बनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

13 एम पी बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण भोपाल ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष रनखिया ने किया, निरीक्षण के दौरान 13 एम पी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष रनखिया को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात ग्रुप कमांडर के द्वारा फ्लैग एरिया का निरीक्षण किया एवं क्रेडिट के द्वारा बनाए गए थीम के बारे में विस्तृत चर्चा करी तत्पश्चात कैंप के दौरान कैडेट को दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की, आपने इस दौरान फायरिंग साइट का निरिक्षण एवं



कैडेटों से चर्चा की, कमान अधिकारी कर्नल एस.पी. सिंह ने ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष रनखिया को बटालियन की वार्षिक गतिविधियों एवं कैम्प संचालन से संबंधित समस्त जानकारी का प्रेजेंटेशन दिया, ज्ञात हो कि इस शिविर में 534 एनसीसी कैडेट्स , 6 एनसीसी अधिकारी एवं 7 जेसीओ, 13 एनसीओ कैंप संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष रैंकिया ने कैंप संचालन की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की की कैडेट इस कैंप से अपने उद्देश्य हासिल करेंगे, आपने आशा जाहिर करी कि यह कैंप कैडेट्स के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### साइबर अपराध से बचाव हेतु नागरिकों को किया जा रहा जागरुक

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अवसर पर नर्मदापुरम पुलिस द्वारा नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव हेतु विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, हैकिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी देना है। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम ने बताया कि नागरिक अपने बैंक, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, जॉब या लॉटरी से संबंधित किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। साथ ही अनजान लिंक, क्यूआर कोड या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए संदेशों पर क्लिक करने से बचें।

## नर्मदा अपना अस्पताल में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, 350 से अधिक मरीजों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर नर्मदा एडवांस्ड हार्ट केअर सेंटर भोपाल व आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के द्वारा अनेक सामाजिक संगठनों के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन नर्मदा अपना अस्पताल हरदा बायपास रोड नर्मदापुरम में किया गया।

इस शिविर में भोपाल नर्मदा के प्रसिद्ध हार्ट सर्जन डॉ मोहित जैन, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ सौरभ श्रीवास्तव, ट्रॉमा एवं ऑर्थो स्पेशियलिस्ट डॉ राजेश शर्मा,डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर रोगों के विशेषज्ञ डॉ अनुव्रत




भटनागर,जनरल सर्जन डॉ सौरभ रघुवंशी, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनन्या रघुवंशी, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ रवि चढ़ार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपम मालवीय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सत्यवीर सिंह ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया व बीएम डी व पी एफ टी की फ्री जांच भी हुई।

इस शिविर में रोटरी क्लब नर्मदा पुरम रॉयल, लायंस क्लब होशंगाबाद, आदर्श महिला क्लब नर्मदापुरम , इनरव्हील क्लब नर्मदापुरम, राजपूत समाज नर्मदापुरम, चौधरी समाज नर्मदापुरम, अयोध्यावासी वैश्य गुप्ता समाज, करणी सेना परिवार नर्मदापुरम संभाग, मार्निंग ग्रुप नर्मदापुरम , विश्वकर्मा समाज नर्मदापुरम, बुंदेलखंडी जिझौतिया ब्राह्मण समाज कल्याण समिति इटारसी, वरिष्ठ नागरिक समिति नर्मदापुरम , सीजीएचएस बेनिफिसियरीज एसोसिएशन नर्मदापुरम, सर्व ब्राह्मण महिला संगठन नर्मदापुरम, सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं ने भी सहयोगी की भूमिका निभाई ।

## कालेज में हुआ तीन दिवसीय कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में आज पोस्टर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, कार्टूनिंग और कोलाज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। आज के कार्यक्रम में पोस्टर ,चित्रकला ,कोलार्ज एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिताओं में सुषमा यादव, मंजू मेहरा, संध्या गोलियां, डॉ क्षमा मेहरा, डॉ सुमन अवस्थी व डॉ आकांक्षा यादव की भूमिका सराहनीय रही। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में प्रोफेसर दिग्विजयसिंह खत्री, ग्रँथपाल अजय मेहरा व मंजू मेहरा रही। प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्शाई जा रही है।

## दादा शिवानंद नर्मदा परिक्रमा आश्रम का होगा उद्घाटन

# चतुर्मास काटने के बाद पैदल नर्मदा परिक्रमा पर फिर निकले संत शिवानंद महाराज, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आजीवन नर्मदा परिक्रमावासी और धूनीवाले दादाजी के शिष्य, दादा शिवानंद योगी चातुर्मास विश्राम के बाद शनिवार से अपनी नर्मदा परिक्रमा यात्रा फिर से शुरू करेंगे। इस मौके पर सुबह 11 बजे हैप्पी मैरिज गार्डन से एक विशाल चल समारोह निकाला जाएगा, जिसमें चांदी के रथ पर बड़े दादाजी, छोटे दादाजी और मां नर्मदा की तस्वीर विराजित होगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

### निकलेगा चल समरोह

यह चल समारोह शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगा। यात्रा के



लिए एक विशेष चांदी का रथ सजाया गया है। घोड़े, बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ भक्त पूरे जोश और उत्साह से नर्मदा यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यात्रा में नर्मदापुरम के अलावा अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

चल समारोह रसूलिया मार्ग से होते हुए एसपीएम गेट नंबर 3 पर पहुंचेगा। यहां दोपहर 3 बजे दादा शिवानंद योगी नर्मदा परिक्रमा आश्रम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### गायिका शहनाज अख्तर होंगी शामिल

उद्घाटन और भंडारे के बाद रात्रि 9 बजे से प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर देवी जागरण में भजनों की प्रस्तुति देंगी। इस पूरे आयोजन में मंदिर समिति एसपीएम गेट नंबर 3 और समस्त भक्तगण शामिल रहेंगे। विदित हो कि शहर के हैप्पी मैरिज गार्डन में धार्मिक आयोजित पिछले चार माह से जारी रहे इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तों ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। वहीं रोजाना प्रसादी का आयोजन किया गया।

## जिला स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा में वंशिका रही अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शास. महाविद्यालय पचमढ़ी की टेबल टेनिस खिलाड़ी ने शुक्रवार को शास. कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की।

दल प्रबंधक क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने बताया, प्रतियोगिता में शास कुसुम स्नात्तकोत्तर महा सिवनी मालवा विजेता एवं शास गृहविज्ञान अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम उप विजेता रहा। पचमढ़ी महाविद्यालय से वंशिका राजपूत लगातार तीसरी बार संभाग स्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही नर्मदापुरम जिलें की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस. शेखर एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने संपूर्ण टीम को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी ।

## खबर संक्षेप

### रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 16 को होगा आयोजित

**बैतूल।** युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 16 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भीमपुर में आयोजित होगा। इस मेले में बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा भर्ती एवं प्राथमिक चयन प्रक्रिया की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में जेबीएम ग्रुप गुरुग्राम में उत्पादन और गुणवत्ता रखरखाव के 50 पदों के लिए योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा डिग्री अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक दमन में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिकल हेल्पर के 100 पदों, वर्धमान फैब्रिक बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों तथा आयशर सीआईआई कौशल विकास पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर के 120 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों तथा क्वैस कॉर्प बेंगलुरु में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 12 वीं,आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। पुखराज हेल्थकेयर भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 200 पदों के लिए योग्यता 10वीं से स्नातक तथा एनआईआईटी एचडीएफसी एसीई बैंकर में 10वीं से स्नातक, स्नातकोत्तर होना आवश्यक है। नवभारत फर्टिलाइजर भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 51 पदों के लिए योग्यता 12वीं से स्नातक होना अनिवार्य है। सिपेट भोपाल में मशीन ऑपरेट, ट्रेनी के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना आवश्यक है। जेके बायो एग्रीटेक भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव सेल्स मैनेजर मैकेनिक के 25 पदों के लिए योग्यता 8 वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा आवश्यक है।

### मेंटेनेंस के कारण 12 व 13 को बडोरा उपकेंद्र में बंद रहेगी बिजली

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 12 और 13 अक्टूबर को 33/11 उपकेंद्र बडोरा का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के चलते 11 अक्टूबर को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही बडोरा के घरेलू में आने वाले क्षेत्र बडोरा बस्ती, रेणुका विहार, गुरु साहब जेके हेरिटेज, फाइव स्टार कॉलोनी में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 12 अक्टूबर दिन रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही बडोरा के द्वारका नगर, आरके पुरम, शशांक नगर, कौशल्या विहार कॉलोनी, रॉयल ग्रीन सिटी, मोक्षा रेसिडेंसी, बालाजी रेसीडेंसी एवं द्वारका नगर फीडर में आने वाले सभी क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मप्र मक्षे विवि कंपनी लिमिटेड वि.के.बैतूल ग्रामीण प्रबंधक ने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

पवित्र नगरी के प्रचारक विवाद मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, भेजे जेल

# तैनात रही पुलिस, शांतिपूर्ण बना माहौल

# धारा 163 के तहत बंद रहा संपूर्ण नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




बीती रात स्वयंसेवक संघ के प्रचार के साथ हुए विवाद के बाद संपूर्ण नगर में तनावपूर्ण स्थिति थी जो अब सामान्य होती दिखाई दे रही है। दो समुदाय के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन से लेकर सभी आला अधिकारी पवित्र नगरी पहुंच गए। अधिकारियों ने थाने में दोनों पक्षों से चर्चा की और इसके बाद स्थिति सामान्य करने के लिए एक के बाद एक ठोस कदम उठाए गए।

संघ प्रचारक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर पांच आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही इस संपूर्ण मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया को अटैच कर दिया गया है, वहीं सब इंस्पेक्टर छत्रपाल धुर्वे एवं रघु काकुड़े को निलंबित कर दिया गया है।



### दो मकानों पर पथराव, 5 से अधिक दुकानों में लूटपाट, आगजनी

बीती रात आरएसएस प्रचारक से मारपीट के विरोध में बड़ी संख्या में लोग थाना पहुंचे। इस विरोध प्रदर्शन में नगर के अलावा आसपास ग्रामों से पहुंचे लोगों की संख्या अधिक थी। जिन युवकों ने जिला प्रचारक के साथ मारपीट की थी, उनके घरों के सामने भी लोग जमा हुए। प्रदर्शनकारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। देखते ही देखते फवारा चौक के समीप स्थित शोएब इंटरप्राइजेस एवं जुबेर इलेक्ट्रिकल्स रिपेयर की दुकान एवं पीछे मकान पर जमकर पत्थरबाजी की गई। फवारा चौक पर फुटपाथ पर लगी गरीब फल फ्रूट की दुकानों को लूट कर आग लगा दी गई। बस स्टैंड में शहीद स्तंभ के समीप एवं बस स्टैंड के अंदर की फल फ्रुट की दुकानों में भी तोडफ़ोड़ की गई। जामा मस्जिद के मुत्वल्ली एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन एसडीओ पुलिस एके सिंह को सौप मस्जिद पर खतराव करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### क्या है मामला?

*मुलताई नगर मे फवारा चौक से गांधी चौक को जोडने वाला जैन फोल्डिंग रोड पर अत्यधिक अतिक्रमण रहता है, जहां से पैदल चलना कठिन होता है। बीती रात जैन कोल्डिंग के ठीक सामने मोटर साइकिल से जा रहे हैं, दो युवकों की मोटरसाइकिल एक मोटरसाइकिल से टकरा गई। जिसको लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह मोटरसाइकिल दुर्घटना किस किसके बीच हुई थी, इसका पता अभी तक नहीं चला है। इसके बाद आरएसएस के प्रचारक और कार्यकर्ता थाना मुलताई पहुंचे और थाना मुलताई से वापस फवारा चौक पर पहुंचे, इसी बीच दूसरे पक्ष को थाने जाने की जानकारी लगी तो वह भी फवारा चौक पहुंचे और इसके साथ ही एक छोटा सा विवाद हाथापाई और मारपीट में बदल गया।*

### पवित्र नगरी में रहा शांतिपूर्वक बंद, स्कूलों की छुट्टी घोषित

*रात को तनाव की स्थिति को देखते हुए संपूर्ण नगर बंद रहा। बस स्टैंड से लेकर नाका नंबर एक, फवारा चौक, गांधी चौक की सभी दुकाने पूरी तरह से बंद रही। शुक्रवार का दिन होने के कारण मस्जिद में होने वाली नमाज को देखते हुए नगर की सभी मस्जिदों में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मस्जिदों में भी शांति बनाए रखने और अधिक लोग एक साथ इक_ ना होने का ऐलान किया गया । पवित्र नगरी में मुलताई में पुलिस बल तैनात किया गया है, जिसमें अमला, आठनेर, प्रभात पट्टन और बैतूल सहित आसपास के थानों से पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। शहर के मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात की गई है। सभी निजी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।*

### मुलताई में तनाव, बैतूल जिले में धारा 163 लागूः शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने जारी किए आदेश

*__बैतूल।__ जिले के मुलताई क्षेत्र में उत्पन्न हुई तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बैतूल जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिला मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं, ताकि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, समूह या संस्था अब सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार, आग्नेयास्त्र, डंडा, हॉकी स्टिक, रॉड आदि लेकर नहीं चल सकेगा, न ही इनका प्रदर्शन या उपयोग किया जा सकेगा। जिले में कोई भी सभा, धरना, प्रदर्शन, रैली या सार्वजनिक कार्यक्रम बिना प्रशासन की पूर्व अनुमति के आयोजित नहीं किया जा सकेगा। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सोशल मीडिया के जरिए अफवाहें फैलाने और धार्मिक या साम्प्रदायिक भावनाएं भडकाने वाली सामग्री को भी गंभीरता से लिया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, ई-मेल सहित सभी डिजिटल माध्यमों पर आपत्तिजनक, भ्रामक, या भडकाऊ संदेश, चित्र या वीडियो साझा करने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। ग्रुप एडमिन भी जिम्मेदार माने जाएंगे। जिला प्रशासन ने एसिड, पेट्रोल, केरोसिन जैसे ज्वलनशील पदार्थों के परिवहन और उपयोग पर भी पूरी तरह से रोक लगाई है। साथ ही, किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस या भीड़ में पटाखों और विस्फोटक सामग्री के प्रयोग को प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति टेंट, पंडाल आदि का निर्माण नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा, किसी भी सडक़, राजमार्ग या रास्ते पर यातायात बाधित करना, लोगों की आवाजाही रोकना प्रतिबंधित रहेगा।*

नपा कर्मी और पुलिस ने निकाला

# यूरिनल में घंटो छुपा रहा बोरदेही का विक्षिप्त युवक

## संदिग्ध हालत में मां की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

नगर के मेन रोड में पुराने थाने के पास शुक्रवार सुबह यहां लगे एक यूरिनल में कई घंटे तक एक विक्षिप्त युवक ने स्वयं को बंद कर लिया था, जैसे ही इस बात की जानकारी आसपास के लोगों को मिली यहां बड़ी संख्या में लोगों के भीड़ जमा हो चुकी थी। जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे नपाकर्मी और पुलिस के दखल के बाद मुश्किल से विक्षिप्त युवक को यूरिनल से बाहर निकला गया। लेकिन इस दौरान जैसा चश्मदीदों ने हमें बताया है कि विक्षिप्त युवक जिसके कपड़ों पर खून के धब्बे भी पाए गए थे, वह अपनी स्वयं की मां की हत्या की बात कह रहा था।

इससे यहां कई तरह की चर्चा शुरू हो गई, किंतु इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि युवक बोरदेही थाना अंतर्गत मदनी बारछी का रहने वाला है, और बीती रात उसकी मां विमला पति संतोष झारबडे 56 वर्ष की संदिग्ध मौत हुई है। जैसा कि बोरदेही थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी ने बताया है कि मदनी बारछी में एक महिला की संदिग्ध मृत्यु हुई है, सूचना के बाद आमला हॉस्पिटल में मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराया गया है। महिला की संदिग्ध मृत्यु हुई है,किंतु अभी पूरी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इधर विछिप्त युवक को आमला थाने में हिरासत में रखा गया था। इस दौरान जब पोस्टमार्टम स्थल पर आमला पहुंचे मृतिका के परिजनों से हमने जानकारी लेना चाहा तो परिजनों ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया था,बोरदेही पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### वार्ड 5 में अनजान महिलाओं की सरगर्मी से लोगों में दहशत

इधर शहर के वार्ड क्रमांक 5 में बीते दो दिनों से मध्य रात्रि में कुछ अनजान महिलाओं की सरगर्मी और लोगों के दरवाजों पर दस्तक देकर बुलाने से लोगों में दहशत है, जैसा कि अनीता अमझरे, सोनाली, वर्षा, कान्हा विजयकर, रामदास ने बताया है कि बीती रात इलाके में कुछ अनजान महिलाएं देखी गई है, इसमें कुछ महिलाएं यहां रहने वालों के दरवाजों पर दस्तक भी दे रही है और जैसे ही लोग बाहर आते हैं, महिलाएं उडऩ छू हो जाती है। यहां कुछ लोगों का दावा है कि उन्होंने अनजान महिलाओं को जाते हुए भी देखा है। अब सच चाहे जो भी हो किंतु इलाके में लोगों में दहशत जरूर है, और यहां लोग पुलिस गश्त की मांग भी कर रहे हैं। इधर वार्ड के पार्षद राकेश शर्मा ने बताया है कि मामले की सूचना पुलिस को दी जा रही है, पुलिस से गश्त की मांग की जाएगी, लेकिन वार्ड में दहशत-जैसा कोई माहौल नहीं है।


#### इनका कहना है

अगर इलाके में इस तरह की कोई अनजान महिलाएं दिखाई दे रही है तो लोग सजगता बरते और तुरंत पुलिस को सूचना भी दें, इन इलाकों में गश्त बढ़ा देते हैं।

**राजेश सातनकर,**
थाना प्रभारी आमला

रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला शव

# 250 फीट गहरी खाई में गिरा इथेनॉल से भरा टैंकर, ड्राइवर की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर गुरुवार देर रात इथेनॉल से भरा टैंकर बेकाबू होकर करीब 250 फीट गहरी खाई में गिर गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा भैंसदेही थाना क्षेत्र के कोथलकुंड-चिचड़ाना गांव के पास हुआ।

शुक्रवार सुबह एसडीईआरएफ की 6 सदस्यीय टीम ने चालक के शव का रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बैतूल स्थित इथेनॉल प्लांट से महाराष्ट्र के मनमाड़ की ओर जा रहा था। हादसे की सूचना रात करीब 11.30 बजे एसडीएम भैंसदेही द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही टीआई अरविंद धुर्वे के निर्देश पर पुलिस और एसडीईआरएफ की 6 सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची। टैंकर में इथेनॉल जैसी ज्वलनशील सामग्री भरे होने और चारों ओर अंधेरा था, इसलिए बचाव दल को रात में खाई से बाहर बुला लिया गया ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। इसके बाद शुक्रवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन फिर से शुरू किया गया। एसडीईआरएफ की टीम, प्लाटून कमांडर सुनीता पंद्रे के नेतृत्व में खाई में उतरी और मृत चालक का शव बाहर निकाला। एएसआई रामप्रसाद कीर ने बताया कि मृतक की पहचान रघुनाथ (निवासी महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। हादसे के वक्त वह वाहन में अकेला था, जबकि उसका एक सहकर्मी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भैंसदेही भेजा और परिजनों को सूचना दी। हादसे की जांच की जा रही है।

नपा के बाल मंदिर सभागृह में आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक में लिए कई निर्णय

# दीपावली से पहले शहर संवारने में जुटे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

दीपावली से पहले नगर के सभी आवश्यक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नगर पालिका के बाल मंदिर सभागृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

इस बैठक में नगर के विकास से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष,विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए नगर की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सडक़ निर्माण और नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व विभाग से एसडीएम, तहसीलदार, एमपीईबी के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग की ईई प्रीति पटेल एवं उनका समस्त स्टाफ, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, सभापति तथा नगर पालिका के सभी पार्षदगण उपस्थित रहे। श्री खंडेलवाल ने सबसे पहले पट्टों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि नगर में जिन लोगों के पट्टों की समस्या लंबित है, उनका शीघ्र निराकरण किया जाए।

उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि जमीन की उपलब्धता के अनुसार सर्वे कार्य शीघ्र पूरा किया जाए और पट्टों को व्यवस्थित रूप से जारी किया जाए ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

#### जर्जर विद्युत पोल हटाए जाएंगे

इसके बाद एमपीईबी अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नगर में अनेक विद्युत पोल जर्जर और खराब स्थिति में हैं, जिन्हें दीपावली के पहले हटाया जाए। साथ ही सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइटों की जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जाए ताकि दीपावली के दौरान पूरे नगर में रोशनी का माहौल बने। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि नगर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा किया जाए। श्री खंडेलवाल ने कहा कि नागरिकों को त्योहार के पहले किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसलिए सभी विभाग मिलकर समन्वय के साथ कार्य करें।

#### कोठी बाजार के डिवाइडर की समस्या का समाधान

कोठी बाजार में बने रोड डिवाइडर के संबंध में भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष,विधायक हेमंत खंडेलवाल ने गंभीरता दिखाई। व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा था कि बस स्टैंड से लेकर लल्ली चौक तक बने डिवाइडरों में बीच में गेप नहीं छोड़े गए हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस पर उन्होंने ने तत्काल नगरपालिका अधिकारियो को निर्देश दिए कि जहां आवश्यकता है वहां पार्टीशन हटाए जाएं ताकि लोगों को आने-जाने में सुविधा हो सके। बैठक के अंत में श्री खंडेलवाल ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि दीपावली के पहले नगर के सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे नगर स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की सुविधाएं सर्वोपरि हैं, इसलिए किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### दीपावली के बाद चलाई जाएगी अतिक्रमण मुहिम


उन्होंने कहा कि आमजन को आवागमन में परेशानी का सबब बने अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। दीपावली के बाद नगर की मुख्य सडक़ों के साथ-साथ वार्डों में भी सतत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। श्री खंडेलवाल ने एमपीईबी अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली से पहले सभी क्षेत्रों में विद्युत मेंटेनेंस कार्य पूर्ण किए जाएं, जबकि नगर पालिका को आदेश दिया कि स्ट्रीट लाइट सुधार के लिए अतिरिक्त टीम गठित कर हर वार्ड में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि त्योहार के अवसर पर नगर जगमगाता नजर आए।

# अल्प विराम कार्यशाला ने जगाया सकारात्मक सोच का भाव : गुंजेले

## राज्य आनंद संस्थान की पहल पर जनपद पंचायत आठनेर

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सुर्यवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत आठनेर के सभागृह में राज्य आनंद संस्थान एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बैतूल जिले के प्रत्येक विकासखंड में आयोजित की जा रही श्रृंखला का हिस्सा रही, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों को आत्मचिंतन और सकारात्मक दृष्टिकोण से जोडऩा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें जिला समन्वयक प्रिया चौधरी, जिला संपर्क व्यक्ति महेश गुंजेले, राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले एवं तुलिका पचौरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। परिचय सत्र में महेश गुंजेले ने कहा कि आनंद विभाग का प्रयास केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं हैं,बल्कि यह समाज में सकारात्मकता और सौहार्द्र का संदेश भी फैलाता है अल्प विराम सामाजिक बदलाव की ओर एक कदम है। इसके बाद आनंद की ओर विषय पर संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जीवनानुभूतियों को साझा किया और आनंद संस्थान की गतिविधियों से परिचय प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर तुलिका पचौरी ने जीवन का लेखा-जोखा विषय पर




विचार साझा कर चार आत्ममंथन प्रश्न पूछे बचपन से अब तक मेरी मदद किस-किस ने की, मैंने किस-किस की निःस्वार्थ मदद की, मुझे किसने दुःख दिया और किसे दुःख पहुचाया। प्रश्नों ने प्रतिभागियों को अपने भीतर झांकने और संबंधों की गहराई समझने का अवसर दिया।

### 61 अधिकारी एवं कर्मियों ने लिया भाग

मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले ने हमारे रिश्ते सत्र में विभिन्न मानवीय संबंध में चर्चा की। आनंद की अनुभूति और जीवन को सकारात्मक सोच की ओर ले जाने वाली विविध गतिविधियों से प्रतिभागियों को जोड़ते हुए शांत समय लेकर आत्मानुभूति करवाई। इसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, आयुष, पशुपालन, नपा, पुलिस, राजस्व, शिक्षा और जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों के कुल 61 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

बाजार में रही दिनभर भीड़, जमकर हुई खरीदी, पूजा-अर्चना संपन्न

# चांद देखकर महिलाओं ने खोला करवाचौथ व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पति की लंबी उम्र के लिए शुक्रवार को महिलाओं ने पूरे विधि विधान से करवा चौथ का व्रत रखकर पूजा अर्चना की। व्रत रखने वाली महिलाओं ने सुबह से ही करवा चौथ पूजन की तैयारियां शुरु कर दी थी।

रात्रि में एक बार फिर दुल्हन की तरह श्रृंगार कर महिलाओं ने चांद दिखने के बाद पूजा अर्चना की और पति के हाथों जल पीकर अपना व्रत खोला। पति की दीर्घायु की कामना के लिए किए जाने वाले इस व्रत को लेकर सुहागन महिलाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। करवा चौथ व्रत के चलते महिलाओं को बाजार में जमकर खरीदी करते हुए देखा गया। कपडों, मिठाईयों के अलावा पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ रही। व्रत के एक दिन पूर्व व व्रत के दिन तक कई महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगवाई। करवा चौथ व्रत को लेकर नवविवाहितों के चेहरों पर काफी उत्साह दिखाई दिया। पूजा-अर्चना के बाद अपने पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोला। दिनभर निर्जला व्रत रखने के साथ ही महिलाओं की आंखों में सुबह से ही रात होने का इंतजार दिखाई दे रहा था। चांद के दर्शन व उसकी पूजा के लिए महिलाएं बेसब्री से आसमान में निगाहे टिकाए रही।

करवा चौथ व्रत रखने वाली महिलाओं को चांद के दर्शनों के लिए छत पर खड़े होकर घंटों इंतजार करते हुए देखा गया। कई महिलाओं ने पूरा चांद देखने के बाद पूजन किया। चांद दिखाई देने के साथ ही महिलाओं ने करवा चौथ माता की पूजा की और छन्नी से अपने पति का चेहरा देखकर उनके हाथों से जल पीकर अपना व्रत पूरा किया। इस अवसर पर पति ने अपनी पत्नियों को गिफ्ट उपहार भी भेंट किये।

### बालाजीपुरम में मनाया करवाचौथ

#### सात सौ से ज्यादा जोड़ों से करवाया एक साथ करवाचौथ का पूजन

*__बैतूल।__ भारत के पांचवें धाम श्री रूकमणी बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में शुक्रवार की शाम 6 बजे से करवा चौथ पर सामूहिक पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बार यहां इस सामुहिक करवा चौथ पूजन में 700 से अधिक जोड़े शामिल हुए। बालाजीपुरम मंदिर के प्रमुख पुजारी असीम पंडा स्वामी के अनुसार शाम 6 बजे से भगवान बालाजी की संध्या आरती की गई। इसके बाद शाम 7 बजे से बालाजीपुरम मंदिर प्रांगण में बने भक्त निवास के सामने सामूहिक पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक पूजन गुजरात से आए पंडितों के दल द्वारा करवाया गया। जिसमें भारतीय परंपरा को बढ़ावा देते हुए इस वर्ष भी बहुत से जोड़े पारंपरिक वेशभूषा में आए, जिन्हें वहां उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया। बालाजीपुरम मंदिर के मुख्य पुजारी असीम पडा स्वामी ने बताया कि बालाजीपुरम मंदिर प्रबंधन की ओर से यहां पूजन सामग्री एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था करवाई गई। सज सवरकर पूजन थाल लेकर आई महिलाओं को पूजन सामग्री मंदिर प्रबंधन द्वारा पूर्णतः निशुल्क दी गई। पूजन के दौरान पुजारी ने करवा माता की कथा सुनाई, इसके बाद रात लगभग 9 बजे के चांद निकलने पर महिलाओं ने चंद्र को अर्ध देकर परंपरानुसार सुहागिनो ने अपने पति के छलन्नी से दर्शन कर उनकी लंबी उम्र की कामना की और पूजन बाद पतियों ने पत्नियों को पानी पिलाकर उनका उपवास तोड़ा, इसके बाद पतियो द्वारा अपनी पत्नी के लिए थाली सजाकर लाये और व्रत के बाद पहला निवाला खिलाया। सभी दंपतियों के सामूहिक भोज के साथ ही शेष श्रद्धालुओं को भी भोजन प्रसादी दी गई।*

## निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**देवास।** शंकरगढ़ स्थित गौशाला का निरीक्षण नगर निगम जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बेस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, भाजपा नेता राजेश जैन, निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर, तथा गौशाला संचालक बसंत वर्मा एवं संदीप बैरागी उपस्थित रहे। इस दौरान निर्माणाधीन 70 बाय 70 फीट के गौशाला शेड की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्य की धीमी गति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण कार्य देख रहे इंजीनियर से चर्चा की गई तथा कार्य की गुणवत्ता एवं मात्रा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा पशुओं को पौष्टिक एवं स्वच्छ आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए गए कि गौशाला में आने वाले धार्मिक श्रद्धालुओं, जो माता-पिता की पुण्यतिथि, जन्मदिवस अथवा जप-ध्यान हेतु रुकते हैं, उनके लिए शौचालय एवं स्नानागार जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाए।

### दशकों पुराने पैटर्न पर लगता सोहागपुर का आम व हाट बाजार, करेंगे व्यवस्थित

# 6 हजार 250 करोड़ रुपए से बदलेगी मां नर्मदा और नर्मदांचल जिले की तस्वीर

शहरी बाजार दशकों पुराने पैटर्न पर लगता है। कितनी ही परिषदें नगर निकाय में आईं-गईं, लेकिन शहर का बाजार व्यवस्थित नहीं कर सकीं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहरी बाजार दशकों पुराने पैटर्न पर लगता है। कितनी ही परिषदें नगर निकाय में आईं-गईं, लेकिन शहर का बाजार व्यवस्थित नहीं कर सकीं। जिसके कारण त्यौहारी सीजन में अस्थाई दुकानों की यकायक बढ़ने वाली संख्या तथा मनमानी पार्किंग बाजार में आवाजाही बाधित करती है।

शुक्रवार को करवाचौथ पर्व के चलते बाजार गुलज़ार था। जिसके कारण ग्राहकी अन्य हाट बाजार दिवसों की अपेक्षा तेज रही। स्थाई दुकानें फैलाई गईं तथा अस्थाई दुकानें ठीक सड़कों पर लगाई गईं। जिसे जहां जगह मिली उसने वहीं अपना वाहन पार्क कर दिया तथा बाजार से लगे शहर के अंदरुनी रास्तों पर आवाजाही बाधित होती रही।

### नाकाफी पुलिस व्यवस्था

टीआई ऊषा मरावी ने रक्षाबंधन पर्व पर तो बाजार में पुलिस तैनात की थी। चार-पांच पुलिसकर्मी बाजार में भ्रमणकर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था देख रहे थे। लेकिन करवा चौथ पर्व के दौरान अस्थाई दुकानों व अवैध पार्किंग से होती आवाजाही की बाधा ने दिखा दिया कि पुलिस ने इस बार लापरवाही की है। नागरिकों की मांग है कि बाजार से लगे सभी रास्तों पर एक पुलिसकर्मी तथा दो नपकर्मी तैनात किये जाने चाहिए। जो अस्थाई दुकानें सीमित क्षेत्र में लगवाएं तथा अवैध पार्किंग बाजार में होने ही ना दें।

### नागरिकों में नाराजगी

उल्लेखनीय है कि दशकों पुराने पैटर्न पर संचालित होते बाजार को लेकर नागरिकों में सदैव नाराजगी रहती है। हाट बाजार की बिगड़ी व्यवस्था पर भी शहरवासियों ने सोशल मीडिया पर प्रशासन को घेरा। नागरिकों ने बाजार में बाधित रास्ते की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

इसके अनुसार श्रीराम चौक से बिहारी चौक तक स्थिति खराब है, जहां लोग मनमानी वाहन पार्किंग करते हैं। नागरिकों की मांग है कि नपाधिकारी व कर्मचारी त्यौहारी बाजार में सक्रिय रहें और पुलिस भी उपस्थित रहे। ताकि महिलाएं तथा बालिकाएं सुरक्षित रहें।

## जपं में हुआ शिविर का आयोजन अव्यवस्था से परेशान हुए दिव्यांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में 0से लेकर 18 वर्ष तक के लिए दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें नर्मदापुरम जिले से तथा पिपरिया शिविल अस्पताल की टीम पहुंची थी। लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया उपस्थित नहीं थे। जनपद पंचायत द्वारा शिविर में कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

ना टेंट लगवाया गया ना दिव्यांग को चेयरबुलाई गई पीने के पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई। दिव्यांग एवं उनके सहयोगियों को परेशान होना पड़ा ग्राम पंचायतें से सचिव, रोजगार सहायक सरपंच सभी हितग्राही लेकर पहुंचे थे।तो डाक्टर के द्वारा जांच की गई थी। उसके बाद देर शाम तक प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। सिविल अस्पताल से सहायक नेत्र चिकित्सक श्याम सोडानीने जांच-पड़ताल शुरू कर प्रमाण पत्र वितरित किए।कड़ी धूप में हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा था।

इस तरह के शिविर आयोजित कर ने वाले जनपद पंचायत में सांसद दर्शनसिंह विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष भी थी पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।नगर पालिका परिषद क्षेत्र सेलेकर जनपद पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को कोईसुविधा नहीं दी गई। अभी तक किसी को भी सामग्री वितरित की कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## विशाल इनामी भजन प्रतियोगिता का समापन हुआ, विधायक ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद




नगर की सैकड़ो वर्ष पुरानी रामलीला के रामराज अभिषेक के अवसर पर आयोजित विशाल इनामी भजन प्रतियोगिता का समापन क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह द्वारा विजेता भजन मंडलों को लोन और पुरस्कार वितरण के बाद समापन हुआ। भजन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण आयोजन का मंच सचालन राघव पटेल द्वारा किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यअतिथि सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह भजन समिति अध्यक्ष द्वय धर्मेंद्र सिंह पटेल, योगेश मालवीय रामलीला समिति अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल एवं मंच पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों पत्रकारों की द्वारा प्रथम पुरस्कार महावीर मंडल सोयत, द्वितीय पुरस्कार, श्री नागर मंडल दीपा खेड़ी, तृतीय पुरस्कार मां वैष्णो मंडल सिंगोड़ी, चतुर्थ-नवज्योति मंडल धपाड़ा, पंचम-श्री कृष्णा मंडल बोरखेड़ी, एवं श्री श्याम मंडल गोपालपुर, श्याम मंडल मोकलवाड़ा, श्री गणेश मंडल करनपुर, श्री दादाजी मंडल छींद धाम आदि भजन मंडलों को पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि ठाकुर विजयपाल सिंह ने सभी मंडलों को जीत की बधाई देते हुए अच्छी प्रस्तुति के लिए सभी भजन मंडलों की शानदार भजन प्रस्तुति की प्रशंसा की।

## ग्राम पंचायत आरी में लगेगा दूध समृद्धि योजना का शिविर

### प्रस्ताव हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत आरी मैं 2 अक्टूबर की आमसभा की बैठक में सभी किसानों ने मिलकर दूध उत्पादन से लाभ अर्जित करने के लिए सभी ने मिलकर प्रस्ताव पारित किया जिस आवेदन के साथ जिला कलेक्टर नर्मदापुरम को भेजा गया।

जिसमें पशु उपसंचालक डॉ.चंद्रकांत दुबे नर्मदापुरम द्वारा पंचायत प्रतिनिधि के रूप में किसान केशव साहू के साथ वार्ता उपरांत जल्द ही ग्राम पंचायत आरी कृषको के साथ बैठक होगी बैठक के दौरान दूध डेयरी के लिए संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि कमलेश पांडे ने बताया ग्राम में किसानों से दूध खरीदी हेतु दो प्रतिष्ठान खुले हैं जिसमें 40 से लेकर 85 रुपए फेट के हिसाब से दूध लिया जा रहा है।

कैंप में ग्राम पंचायत सचिव सुरेंद्र तोमर ने बताया कैंप में पशु खरीदी से लेकर उनके स्वास्थ्य संबंधित सभी जानकारियां शिविर में उपस्थित डॉक्टरों द्वारा दी जाएगी शिविर में आने वाले दूध उत्पादक हितग्राहियों को ऑनलाइन जानकारी मदद के लिए राजकुमार मेहरा कार्यालय में उपस्थित रहेंगे शिविर को लेकर दूध उत्पादक कृषको मैं बड़ा ही हर्ष है।

## ग्राम ठीकरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन भव्य रूप से संपन्न, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



ग्राम ठीकरी मंडल भौंखेड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन गत दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। जिसमें 200 से अधिक स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

जानकारी अनुसार यह संचलन ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए निकला तथा विविध स्थानों पर ग्रामवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। संपूर्ण ग्राम ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मंडल भौंखेड़ी अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के स्वयंसेवक और नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। पथ संचलन में 228 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

### प्रथम आयोजन

ठीकरी का पथ संचलन संघ के शताब्दी वर्ष का सोहागपुर क्षेत्र में प्रथम आयोजन रहा। जिसे ग्राम में पूरी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संचलन का उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना रहा। स्वयंसेवकों ने संघ गीत के साथ अनुशासनबद्ध प्रदर्शन किया और ग्रामवासियों ने भारत माता की जयघोष से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

## केवायसी करने को लेकर ग्राम पंचायतों में सचिव किए तैनात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर में पंच से चुनाव जीत कर सरपंच बनी रंजना राकेश रघुवंशी ने अपने क्षेत्र में किसी तरह से परेशानीना हो इस पर कार्यवाही कर सचिव रोजगार सहायक को पंचायत में उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसलिए पाया गया कि रामपुर पंचायत में सचिव राकेश सोनवंशी रोजगार सहायक दोनों सुबह से ही उपस्थित मिल रहे हैं।

सचिव ने कहा कि केवायसी की जा रही है। अभी लगभग 200लोग और शेष है वह लोग शामिल हैं जिनके आधार कार्ड धारक का आधार अपडेट नहीं है।या फिंगर प्रिंट नहीं मिल रहे हैं।ऐसे लोग शेष है। जिनके केवायसी को लेकर बैठ कर जनता को चाहिए कि वह भी सहयोग करने में बाधक नहीं बने ।

## आदिवासी डंडा खेल का आयोजन किया जाएगा



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचलावरामे 11 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आदिवासी समुदाय के द्वारा डंडा खेल महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें आदिवासी समुदाय के सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार में नेता प्रतिपक्ष उमंग हिंडाल्को भी आमंत्रित किया गया है। राहुल उईकेने बताया रेलवे स्टेशन पर उमंग सिंगार का सम्मान किया गया इस दौरान नीतीराज सिंह ठाकुर मनोज कुमार पंचम सिंह ठाकुर कमलेश पटेल, राधेश्याम ठाकरे सहित अन्य सभी शामिल हुए।

## सांसद मेला के समापन समारोह को लेकर बैठक आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की क्रषि उपज मंडी परिसर में सांसद दर्शनसिंह ने खेल महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसका समापन समारोह 14/10/25को किया जा रहा है। 10दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए कम लोग शामिल हुए। समापन समारोह में शामिल होने के लिए कवि हेमंत पवार तथा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, तथा क्रषि मंत्री कंसाना भी शामिल होंगे ऐसी आशा व्यक्त की जारही है। जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर सभीलोग शामिल नहीं हो रहें हैं। तथा इस बात को लेकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी,नीतीराज सिंह विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जनपद पंचायत क्षेत्र अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल पवन वालिया सहित जनपद सदस्य गीता धुर्वे जनपद सदस्य कमला हीरालाल रघुवंशी विद्याबाईसीताराम पटेल जमना रघुवंशी सहित सरपंच सचिव रोजगार सहायक सरपंच पत्नी की जगह सरपंच पति उपस्थित रहे बैठक में सांसद ने कहा कि पंचायत में भि खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरवइया ने बु आयोजित किए जाएंगे। पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में भी सांसद एवं उनके सहयोगियों को पहुंचा या जा रहा है। खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है तथा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया है।जमना रघुवंशी जनपद सदस्य ने सांसद से 1किसान को 20बोरी डीएपी खाद यूरिया खाद देने की बात कही गई।वीजनबाडा पंचायत से पंचम सिंह बैंकर, पनारी सरपंच प्रीतम सिंह पुरवइया ने 2डबल लाक खोलने पर जोर दिया गया। सेवा सहकारी समिति में भी पर्याप्त मात्रा में देने की बात कही। इस तरह से अनेक ग्राम पंचायत के लोग उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड से जन बचाव के लिए पुलिस चला रही अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अंतर्गत थाना क्षेत्र में साइबर परेशानी संबंधित सुरक्षा व बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सोहागपुर टीआई ऊषा मरावी के अनुसार ऑनलाइन जॉब स्कैम की स्थिति में नागरिक बचाव के क्या करें एवं क्या ना करें बावत जानकारी दी गई।

नागरिकों को बताया गया कि यदि साइबर फ्रॉड हो जाने से अवगत हो जाएं तो तत्काल 1930 पर सूचना दें। एसआई मेघा उनिया व एएसआई गणेश राय ने नागरिकों को बताया कि त्यौहारों का सीजन है, जिसमें कई कंपनियां ऑनलाइन शॉपिंग को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की स्कीम लाएंगी। लेकिन इस दौरान नागरिक विश्वसनीयता को ध्यान में रखकर ही कोई खरीदी करें। नागरिक अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी को भी ना दें और ना ही कोई ओटीपी किसी को दें। सभी सतर्क रहें व सुरक्षित रहें।

### युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाया अपन हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में अंतर कक्षा युवा उत्सव मनाया जा रहा है कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। युवा उत्सव प्रभारी और जिला समन्वयक डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने कार्यक्रम का उद्देश्य और रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज साहित्यिक, सांस्कृतिक और रूपांकन की विधाएं संपन्न होंगी । इस वर्ष की थीम भारतीय संस्कृति ज्ञान परंपरा है।

युवा उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता सांप्रदायिक सौहार्द तथा विद्यार्थियों को ऐसा मंच प्रदान करना जहां वे अपनी सांगीतिक, कलात्मक और सृजनात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया की शैक्षणिक क्षेत्र में अध्ययन अध्यापन के साथ अपनी अन्य प्रतिभाओं को निखारने का अवसर है उन्होंने युवा उत्सव को ऐसा प्लेटफॉर्म बताया जो छात्रों को अपनी रचनात्मकता बौद्धिकता और नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर देता है। डॉ के जी मिश्र ने मार्गदर्शन देते हुए विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा थीम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा उत्सव अपनी प्रतिभा के साथ अनुशासन का भी उत्सव है । जीवन में पुरातन, सनातन और नवीनता का समन्वय धारण करें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर सुनील जैन चिकित्सक जिला अस्पताल नर्मदा पुरम रहे ।डॉ अमिता जोशी, डॉ कमल चौबे,डॉ संजय चौधरी, डॉ कमल वाधवा, डॉ रवि उपाध्याय मंचासीन रहे। रूपांकन विद्या में आज की प्रतियोगिताएं में क्ले मॉडलिंग- खुशी पटेल प्रथम, अभिषेक प्रजापति द्वितीय, अभय पटेल तृतीय कोलाज-मीनू धन प्रथम, आन्या द्वितीय, शिवांशी तृतीय हर्षित मेहरा प्रथम, माही गोस्वामी द्वितीय, भूमि चौहान तृतीय स्थान पर रहे।

## अनोखा विरोध: वार्ड 42 में गड्ढों का हुआ पूजन

**देवास।** वार्ड नंबर 42 के रहवासियों ने शुक्रवार को अपनी जर्जर सडक की बदहाली के खिलाफ अनोखे अंदाज़ में विरोध दर्ज कराया। पार्षद श्याम पटेल के नेतृत्व में मल्हार रोड धुनी संस्थान से सिल्वर कॉलोनी चौराहा तक की टूटी-फूटी सडक पर गड्ढों को पुष्पमाला पहनाकर गड्ढा पूजन किया गया। रहवासियों का कहना है कि इस मार्ग की स्थिति बेहद खराब है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह सडक कायाकल्प अभियान के तहत बनाई गई थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा किए गए गुणवत्ता विहीन कार्य के कारण कुछ ही समय में सडक उखड़ गई। जब रहवासियों ने इसकी शिकायत पार्षद से की तो उन्होंने मौके पर इंजीनियर को बुलाया और वर्क ऑर्डर के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। लेकिन इंजीनियर की फटकार के बाद ठेकेदार काम अधूरा छोड़ मौके से भाग गया। पार्षद श्याम पटेल ने बताया कि उन्होंने कई बार पत्रों, फोन और व्यक्तिगत रूप से आयुक्त से मिलकर इस समस्या की शिकायत की, लेकिन नगर निगम ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

## मुआवजे की मांग को लेकर अन्नदाताओं ने टोंकखुर्द तहसीलदार निरंकारी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

टोकखुर्द तहसील मे खरीफ फसल नुकसानी राहत राशि बीमा क्लेम एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर भारतीय किसान संघ के द्वारा कई मांगों को लेकर तहसीलदार गौरव निरंकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में मांग की गई कि खरीफ फसल सोयाबीन, मक्का एवं अन्य जेसे पीला मोजैक एवं जल भराव से जो फासले खराब हुई है व जिन क्षेत्रों में सर्वे नहीं हुआ है वहां सर्वे किया जाए या रकबे के मान से मुआवजा राशि दी जाए।

सोयाबीन और मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए। भावांतर से किसानों को नुकसान है क्योंकि पिछले अनुभव ठीक नहीं रहे हैं। इसमें किसानों के साथ छलावा होता है और व्यापारी भी लूटते हैं।मॉडल रेट के नाम पर किसानों को ठगा जा सकता है जिन कृषि फसलों की एमएसपी तय नहीं है फसल भावांतर देकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। कपास की खरीदी सीसीआई जल्द चालू करें।

आवेदन वाचन तहसील अध्यक्ष संजय जलोदिया, जिला सदस्य हुकम सिंह सेंधव, जिला सदस्य मानसिंह पाटीदार, जिला सदस्य ओम पाटीदार व समस्त किसानों की उपस्थिति में किया गया।

## खबर संक्षेप

### आपत्ति निराकरण के संबंध में बैठक संपन्न

**खिरकिया।** खिरकिया ब्लॉक अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवांगी बघेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को वनाधिकार पत्र के दावे आपत्ति के निराकरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ फारेस्ट, सीईओ जनपद पंचायत, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी सहित फारेस्ट विभाग के बीट गार्ड उपस्थित हुए। बैठक में वन ग्राम समिति को शीघ्र दावों पर विचार कर ब्लॉक स्तरीय समिति को प्रेषित करने के लिये कहा गया।

### सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए किसान 24 तक करें आवेदन

**सीहोर।** कृषि विभाग ने आत्मा योजना के तहत राज्य, जिला और विकासखंड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक और कृषक समूह पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे हैं। अंतिम तिथि 24 अक्टूबर तय की गई है। किसान कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम पालन, उद्यानिकी और कृषि अभियांत्रिकी में किए गए नवाचार, तकनीकी विस्तार, फसल, उपज और उत्पादकता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। कृषक समूह पुरस्कार के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि प्रसंस्करण और रेशम पालन से जुड़े समूह आवेदन कर सकते हैं।

### 14 को सीहोर में रोजगार मेले का होगा आयोजन

**सीहोर।** डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला आईटीआई में 14 अक्टूबर को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला लगेगा। मेला सुबह 11 बजे शुरू होगा। इसमें निजी क्षेत्र की 14 कंपनियां शामिल होंगी। कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन ऑपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर और बैंकिंग क्षेत्र के अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक और अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ शासकीय आईटीआई सीहोर में उपस्थित हो सकते हैं।

### अधिकारियों ने किया खाद-बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद बीज के सुचारू वितरण सुनिश्चित करने और कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से सभी विकासखंडों में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद-बीज विक्रय केंद्रों एवं गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 अक्टूबर को राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अनेक खाद-बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अधिकारियों ने उपलब्ध स्टॉक, वितरण पंजी, बिक्री मूल्य एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विक्रेताओं को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर एवं निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए।

### पिच और ग्राउंड को दिया जा रहा नया लुक, होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

**सीहोर।** सीहोर का एकमात्र क्रिकेट मैदान बीएसआई ग्राउंड इन दिनों नए रूप में तैयार किया जा रहा है। यहां पिच और ग्राउंड को नया लुक दिया जा रहा है ताकि आने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मैदान पर समतलीकरण और पौधारोपण का काम तेजी से चल रहा है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बीएसआई मैदान की पिच जल्द ही नए स्वरूप में दिखेगी। ग्राउंड को समतल बनाया जा रहा है और इसके बाद हरी घास लगाई जाएगी। 70 गज की बाउंड्री वाले इस मैदान पर पिचों को भी नया लुक दिया जा रहा है। इस काम पर हजारों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे यहां क्रिकेट का अभ्यास करते हैं और अकादमियां खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण देती हैं। आगामी प्रतियोगिताओं के संबंध में सचिव अतुल तिवारी और अन्य पदाधिकारियों ने मैदान का निरीक्षण किया।

---

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि हरदा कृषि प्रधान जिला

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेती के अलावा आजीविका के लिए अन्य स्त्रोत भी तैयार किए जाएंगे

## स्वसहायता समूहों की बचत बढ़ाई जाएगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि हरदा कृषि प्रधान जिला होने के साथ यहां ग्रामीण क्षेत्रों में खेती के अलावा आजीविका के अन्य स्त्रोत भी तैयार किए जाएंगे। जिले में गठित स्वसहायता समूहों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। साथ ही समूहों की बचत बढ़ाने के लिये भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होने कहा कि जिले में एग्रो प्रोसेसिंग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। कलेक्टर शुक्रवार को इन्दौर के आईआईएम (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेनेजमेंट) के जिले के भ्रमण पर आए विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले में गठित स्व सहायता समूहों की वित्तीय प्रबन्धन व्यवस्था का भी निरन्तर विश्लेषण किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस दौरान स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित की जा रही सामग्री को बेहतर विक्रय प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उपायों पर भी चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि आईआईएम इन्दौर में अध्ययनरत 24 विद्यार्थी 6 से 10 अक्टूबर तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण पर आए थे। इस दौरान इन विद्यार्थियों ने हंडिया, चिकलपाट, छुरीखाल एवं रायबोर ग्रामों में पहुँच कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अध्ययन किया। साथ ही ग्रामों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का फीड बैक कलेक्टर को दिया। कलेक्टर श्री जैन ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन व अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने के साथ इन विद्यार्थियों को जिले में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

### कलेक्टर ने भावांतर पंजीयन केंद्र का निरीक्षण किया



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को हरदा की कृषि उपज मण्डी में संचालित भावान्तर पंजीयन केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पंजीयन व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि जिले के सभी पंजीयन केन्द्रों में पंजीयन कार्य सुचारू रूप से संचालित रहे। कृषि उपज मण्डी स्थित पंजीयन केन्द्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होने कहा कि जिले में कहीं भी पंजीयन कार्य में किसानों को असुविधा न हो, यह ध्यान रखा जाए। उन्होने निर्देश दिये कि सभी सहकारी समितियों पर पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी प्रदर्शित करने वाले फ्लेक्स भी लगाये जाएं। यहां मौजूद किसानों को कलेक्टर ने भावान्तर योजना की विस्तार से जानकारी भी दी। इस दौरान उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**पंजीयन हेतु 50 पंजीयन केन्द्रः** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जे.एल. कास्दे ने बताया कि भावान्तर योजना के तहत सोयाबीन के पंजीयन के लिये 50 पंजीयन केंद्र ई-उपार्जन पोर्टल पर स्थापित किये गये हैं।

---

दीवार की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश

# कलेक्टर और एसपी ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने शुक्रवार सुबह रतागढ़ स्थित बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को संप्रेक्षण गृह की बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास और संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक अजय गुप्ता को निर्देशित किया कि संस्थान का नियमित निरीक्षण करें और निरीक्षण पंजी में टिप्पणियां दर्ज करें। कलेक्टर ने परिसर में अतिरिक्त लाइटिंग की व्यवस्था कराने तथा शौचालयों के बीच की पार्टीशन दीवार की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जेल अधीक्षक को मौके पर बुलाकर सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक कार्रवाई और अनुशंसा सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य जारी है, तब तक संप्रेक्षण गृह में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही होमगार्ड अधिकारियों को भी नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रत्ना शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने पुलिस अधिकारियों को संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए।

---

# खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी, एथेलेटिक्स वॉलीबॉल, तैराकी में दिखाया कमाल

## क्लस्टर स्तरीय गतिविधियों का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सांसद खेल महोत्सव के तहत हरदा जिले के 20 संकुलों पर 15 अक्टूबर तक कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस दौरान क्लस्टर स्तर पर खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, तैराकी व पिट्टू खेलों का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि गुरूवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत जन शिक्षा केंद्र बालागांव, शासकीय एकीकृत हायर सेकण्ड्री स्कूल मगरधा, जन शिक्षा केंद्र सोडलपुर, जनशिक्षा केंद्र पिपल्या एवं दीपगांव कला में खेल गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान ग्राम मगरधा में 100 मीटर 200 मीटर, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, सोडलपुर में खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी, एथेलेटिक्स एवं खिरकिया में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विधानसभा हरदा एवं विधानसभा टिमरनी में सभी संकुल पर बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया और खेलो में अपनी रुचि दिखाई।

### आज ये खेल प्रतियोगिताएं

जारी कैलेंडर अनुसार 11 अक्टूबर को हरदा के हंडिया, टिमरनी के बालक शाला रहटगांव व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी तथा खिरकिया के सांदिपनी स्कूल खिरकिया में क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 13 अक्टूबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, टिमरनी के छीपानेर/करताना व खिरकिया के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

---

बाढ़ के बाद पुल की स्थिति हो गई खराब

# प्रशासन ने मोरटक्का पुल पर फिर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

नर्मदा नदी पर बने जर्जर मोरटक्का पुल को लेकर खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। हाल में हुए हादसों और पुल की कमजोरी को लेकर उठे सवालों के बाद कलेक्टर ने 20 टन से अधिक वजन वाले वाहनों की आवाजाही पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कुछ समय पहले यह प्रतिबंध हटा दिया गया था, जबकि विशेषज्ञों ने पहले ही पुल को असुरक्षित बताया था। नर्मदा में आई बाढ़ के बाद पुल की स्थिति खराब हो गई थी। इंदौर के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के विशेषज्ञों ने जांच रिपोर्ट में स्पष्ट कहा था कि पुल 20 टन से अधिक वजन के लिए सुरक्षित नहीं है। रिपोर्ट में यहां तक उल्लेख किया गया था कि आपात स्थिति में भी आर्मी के टैंकों को एक-एक करके ही पुल से निकाला जाए। इसी रिपोर्ट के आधार पर पहले भारी वाहनों पर रोक लगाई गई थी।

### इन रास्तों जाएंगे भारी वाहन

नए आदेश के तहत अब 6 पहियों से अधिक और 20 टन से ज्यादा वजन वाले वाहन मोरटक्का पुल से नहीं गुजर सकेंगे। बुरहानपुर से आने वाले वाहनों को देशगांव से खरगोन-धामनोद होते हुए एबी रोड से होकर अपने गंतव्य तक जाना होगा। वहीं, इंदौर से आने वाले वाहन भी खरगोन-धामनोद मार्ग से होकर देशगांव के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। हालांकि, प्रशासन ने आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी है। इनमें यात्री बसें, दूध के टैंकर, फायर ब्रिगेड, आर्मी के वाहन, छढक्ष्ृ और पेट्रोलियम टैंकर (20 टन क्षमता तक), तथा राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे निर्माण कार्यों में लगे वाहन शामिल हैं।

---

जांच में जुटी पुलिस

# अधजला शव मिलने से हड़कंप, पहचान नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। यह शव मगरधा के जंगल में बड़झिरी और बोबदा के बीच पाया गया। सूचना मिलते ही रहटगांव थाना पुलिस के साथ एसडीओपी और थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शव की शिनाख्त और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने पहचान कर ली है। शव टिमरनी थाना क्षेत्र के रहने वाले 55 साल के दयाराम मौर्य का है। 9 महीने पहले गुमशुदगी हुई थी दर्ज एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया ने बताया कि अधजले शव की पहचान टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम बिच्छापुर निवासी दयाराम मौर्य उम्र लगभग 55 साल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक की गत जनवरी माह में टिमरनी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसे पुलिस ने दस्तयाब कर लिया था। वहीं मृतक दयाराम के परिजनों ने बताया कि उसने कुछ दिनों पहले जमीन बेची थी। वह नशे का आदि था। पुलिस मृतक को किसने ओर किस कारण से जलाया इन बिंदुओं को लेकर जांच कर रही हैं।

---

# प्रतिष्ठानों की खाद्य सामग्रियों की जांच की

## चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में चेक किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



शुक्रवार को हरदा के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों के सैम्पल की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान हरदा के घंटाघर क्षेत्र में शंकरलाल दामोदर किराना से गुड़ व तुअर दाल, श्रीराम रामदास ट्रेडर्स से लौंग, काली मिर्च व चाय पत्ती, पवन कुमार अग्रवाल ट्रेडर्स से हल्दी, विजय सिंह नारायण सिंह स्वीट्स से पेड़ा, मावा बर्फी, मोदक व चॉकलेट बर्फी, पुरोहित स्वीट्स से मलाई बर्फी, ड्रायफ्रूड केक, अंजीर केक, काजू कतली, क्रीम रोल, खजूर रोल एवं और भी अन्य खाद्य सामग्री तथा मिठाईयों के सैंपल लिए गए तथा उनको चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में चेक किया गया। इसी प्रकार पुरोहित स्वीट्स से मलाई बर्फी, बालूशाही व सेव नमकीन, गोयल ट्रेडर्स से मावा तथा विजय सिंह ठाकुर स्वीट्स से बेसन के लड्डू का सैंपल लिये गये। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले केमिस्ट हेमंत कीर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

खेत जोतने जा रहा था

# पंधाना में ट्रैक्टर पलटने से किसान की हुई मौत



**खंडवा।** पंधाना तहसील में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में किसान की मौत हो गई। 52 वर्षीय किसान मनोहर पिता शंकर ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करने जा रहे थे। रास्ते में अचानक मवेशी आ जाने से उन्होंने उन्हें बचाने की कोशिश की, इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और किसान उसके नीचे दब गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा पंधाना-आरुद रोड पर हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ते ही वह सड़क किनारे पलट गया। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मिलकर किसान को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। सूचना मिलते ही पंधाना थाने के टीआई दिलीप देवड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किसान की मौत की खबर से गांव में शोक का माहौल है। परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं और ग्रामीणों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।



---

अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन

# ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में छह देशों की छह हजार हस्तियां जुटेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में 10 से 13 अक्टूबर तक चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का हो रहा है। ब्रह्माकुमारी भाग्योदय आनंद नगर खंडवा की संचालिका शक्ति दीदी ने बताया कि इस आयोजन में छह देशों से छह हजार से अधिक नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। सम्मेलन का विषय एकता और विश्वास, आदर्श भविष्य के लिए प्रेरणा रखा गया है। आयोजन में धर्म, अध्यात्म, राजनीति, समाजसेवा, पर्यावरण, विज्ञान, व्यापार और शिक्षा जगत से जुड़ी जानी-मानी हस्तियां भाग लेंगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शांतिवन में भव्य वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देश-विदेश के विद्वान, राजनेता, समाजसेवी और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ इसमें एक साथ मंथन और चिंतन करेंगे। सम्मेलन के स्वागत सत्र का आयोजन 10 अक्टूबर को शाम 6 बजे से 7.30 बजे तक किया । चार दिवसीय इस आयोजन में 15 केंद्रीय और राज्य कैबिनेट मंत्री, 14 सांसद, 45 विधायक, 13 विदेशी राजदूत और प्रतिनिधि, 20 मीडिया जगत की प्रमुख हस्तियां, 10 सोशल एक्टिविस्ट, 9 आईएएस-आईपीएस अधिकारी और 20 विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय कानून एवं न्याय व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, केंद्रीय जल शक्ति एवं रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण, प्राणी उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री कृष्ण पाल मलिक, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी सांसद संबित पात्रा, भोजपुरी अभिनेता एवं सांसद मनोज तिवारी, मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य, राजस्थान के राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, राजस्थान के नगरीय विकास एवं स्वास्थ्य प्रशासन राज्य मंत्री झबर सिंह खरा, कर्नाटक सरकार के लघु उद्योग मंत्री श्रीशरणबसप्पा दर्शनापुर, उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद और कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी सहित विभिन्न प्रदेशों के सांसद और विधायक भाग लेंगे। शांतिवन में आयोजित इस भव्य वैश्विक सम्मेलन के लिए सभी देशों के राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक लगाए गए हैं। आयोजन के माध्यम से विश्व एकता, आपसी विश्वास और आदर्श भविष्य के निर्माण पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

